# आर्यभट्ट कॉलेज

# ARYABHATTA COLLEGE

## दिल्ली विश्वविद्यालय

## University of Delhi




## विवरणिका 2023-24

## PROSPECTUS 2023-24




कुसुमपुर खण्ड
KUSUMPUR BLOCK






PRIDE OF INDIA
OUR ACHIEVERS




NCC OFFICE
NSS OFFICE
NSS COUNCIL






STUDENTS UTILITY CENTRE







# विषय सूची


| शीर्षक | पृष्ठ संख्या |
| --- | --- |
| (1) प्राचार्य का संदेश | 01 |
| (2) कॉलेज के संबंध में | 02 |
| (3) दृष्टिकोण और उद्देश्य | 03 |
| (4) कॉलेज परिसर में उपलब्ध सुविधाएँ | 03 |
| (5) पाठ्यक्रमों की उपलब्धता | 04 |
| (6) प्रवेश समिति, सत्र 2023-24 | 05 |
| (7) हेल्प डेस्क समिति, सत्र 2023-24 | 07 |
| (8) प्रवेश शिकायत प्रकोष्ठ, सत्र 2023-24 | 08 |
| (9) यूजी प्रोग्राम/पाठ्यक्रम में पंजीकरण और प्रवेश | 09 |
| (10) शुल्क और जुर्माना | 09 |
| (11) पूरक पाठयक्रम (ऐडऑन कोर्स), सत्र 2023-24 | 10 |
| (12) आंतरिक मूल्यांकन के लिए विश्वविद्यालय अधिसूचना | 11 |
| (13) उपस्थिति के नियम | 15 |
| (14) अनुशासन के नियम | 16 |
| (15) रैगिंग निषेध और सजा | 19 |
| (16) कार्यक्षेत्र पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम/निषेध और निवारण)अधिनियम 2013 | 21 |
| (17) वित्तीय सहायता और पुरस्कार | 22 |
| (18) कॉलेज पुस्तकालय | 23 |
| (19) कर्मचारी परिषद समितियां, सत्र 2023-24 | 26 |

**(20) छात्रों का कोना** **28**

- **अकादमिक समितियां**
- **योजनाएं**
- **पाठ्यतेर समितियाँ**
- **छात्र परिषद**
- **एनसीसी और एनएसएस**
- **चिकित्सा सुविधाएँ**
- **क्रीड़ा और खेल**

**(21) शिक्षकों की सूची** **30**

**(22) प्रशासनिक कर्मचारी, लेखा कर्मचारी और पुस्तकालय कर्मचारी** **34**

**(23) सीट मैट्रिक्स, सत्र 2023-24** **36**

**(24) ईसीए कोटा सीट मैट्रिक्स, सत्र 2023-24** **37**

**(25) प्रथम वर्ष का शुल्क विवरण, सत्र 2023-24** **38**

# प्राचार्य का संदेश



प्रिय छात्रों,

आर्यभट्ट कॉलेज की ओर से मैं आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूँ। नया शैक्षणिक सत्र हम सभी में नई उम्मीदों, सपनों और रोशनी भरे सुनहरे अवसरों का संचार करता है। आप सभी को यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता होगी कि गत वर्ष कॉलेज को NAAC (राष्ट्रीय मूल्यांकन और मान्यता परिषद) द्वारा A+ मानक से सम्मानित किया गया है। यह इस बात का ठोस प्रमाण है कि हमारे प्राध्यापक और कर्मचारी पूर्ण समर्पण भाव से छात्रों के समग्र विकास व उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं।

आर्यभट्ट कॉलेज की स्थापना छात्रों को उच्च शिक्षा में सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता प्रदान करने की दृष्टि से की गई है। हमारा उद्देश्य "ज्ञान, समझ और गुणवता" के माध्यम से छात्रों के जीवन में जिज्ञासा और प्रयोगशीलता की भावना को बढ़ावा देकर सम्पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति कराना है। छात्रों की बुद्धिमता, सृजनात्मक प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए कॉलेज में सदैव नवाचारी और अन्तर्विषयी शिक्षातंत्र का उपयोग किया जाता है। इसके साथ ही कई प्रकार की कार्यशालाएँ, संगोष्ठियाँ व फील्ड ट्रिप जैसी गतिविधियाँ भी शामिल हैं। विभिन्न समितियां व सेल छात्रों को कई मंचों पर अपनी योग्यता के प्रदर्शन व विकास का अवसर प्रदान करती हैं। अपनी छात्र केंद्रित मूल्य दृष्टि के कारण कॉलेज ने तेजी से प्रगति कर विशिष्ट और अविस्मरणीय पहचान बनायी है।

एक शैक्षिक संस्थान की पहचान उसके शिक्षकों और उनके प्रयत्नों से छात्रों की उन्नति व विकास द्वारा भी मापी जाती है। इसके महत्व को समझते हुए कॉलेज ने अपने सक्षम व योग्य शिक्षकों और प्रशासनिक कर्मचारियों को सशक्त बनाया है। जिससे वे छात्रों को कक्षा के भीतर व बाहर नई दिशा प्रदान कर सकें I कॉलेज छात्रों की शैक्षणिक उत्कृष्टता व व्यक्तित्व विकास के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने हेतु हर संभव प्रयत्न करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मुझे विश्वास है कि कॉलेज आपको शैक्षिक और गैर- शैक्षिक गतिविधियों में शामिल होने की प्रेरणा देगा। मैं आशा करता हूँ आप कॉलेज द्वारा प्रदान किए गए अवसरों का सर्वोत्तम संभावनाओं के साथ उपयोग करते हुए उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेंगे। मैं आप सभी का स्वागत करता हूँ और आपके आगामी सत्र के लिए आपको शुभकामनाएँ देता हूँ।

**प्रोफेसर मनोज सिन्हा**
**प्राचार्य**

# कॉलेज के संबंध में

अकादमिक सत्र 2014-15 में  आर्यभट्ट कॉलेज अपने अस्तित्व में आया। आज उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यह  ख्याति प्राप्त कॉलेज के रूप में जाना जाता है जिसने हाल ही में NAAC में A+ श्रेणी अर्जित की है। यह एक सह-शैक्षिक संस्थान है जिसे 1973 से दिल्ली विश्वविद्यालय की ओर से संचालित किया जा रहा है।आर्यभट्ट कॉलेज विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पूर्णतः वित्त पोषित कॉलेज है।

अपने स्वतंत्र अस्तित्व में आने के बाद  आर्यभट्ट कॉलेज ने तेजी से चहुँमुखी विकास दर से अपनी एक विशेष पहचान बनाई है। महान भारतीय गणितज्ञ आर्यभट्ट के नाम पर स्थापित यह कॉलेज ज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नित नवीन ख्यातियाँ अर्जित कर अपने नाम की सार्थकता सिद्ध कर रहा है। महान भारतीय गणितज्ञ आर्यभट्ट ने गणित और खगोल विज्ञान के क्षेत्र में परिवर्तनकारी योगदान दिया है। इस तरह विरासत में मिली 'अपनी महान परंपरा के आलोक का निर्वहण करते हुए आर्यभट्ट ने अपने शैक्षिक आदर्श और शिक्षा शास्त्रीय प्रतिमान के रूप मे "जानना, समझना और जगाना "को मूल उद्देश्य मानते हुए इसे प्रायोगिक धरातल पर उतारने का काम किया है। 8 स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों के साथ शुरू होने वाले इस कॉलेज मे आज 15 स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम चल रहे हैं। कॉलेज में  पूर्णकालिक योग्य शिक्षक हैं जो यहां पढ़ रहे करीब 2300 छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं।

गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के प्रसार के लिए प्रतिबद्ध आर्यभट्ट कॉलेज में दक्षिण परिसर के अंतर्गत स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (SOL) और नॉन कॉलेजिएट वूमन एजुकेशन बोर्ड (NCWEB) के शैक्षिक केंद्र स्थापित हैं। इसके अलावा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय  (IGNOU) का शैक्षिक केंद्र भी यहां सुचारू रूप से चल रहा है। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण (AISHE) के लिए वार्षिक डाटा संग्रहण के कार्य में भी आर्यभट्ट कॉलेज अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। छात्रों में अकादमिक ज्ञान वृद्धि के साथ-साथ उनके मानसिक, शारीरिक, आध्यात्मिक और संवेदनात्मक विकास हेतु योग्य और शिक्षण कौशल से युक्त शिक्षकों  द्वारा वर्षभर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। हमारे छात्रों की प्रोफाइल बहुसांस्कृतिक पारिस्थितिकी तंत्र की विविधता और समृद्धि को दर्शाते हैं। महाविद्यालय विभिन्न संस्थाओं और इकाइयों के माध्यम से विभिन्न सह-अध्यायी गतिविधियों में भागीदारी के लिए कई अवसर प्रदान करता है। कॉलेज की संस्थाएं और इकाईयाँ  छात्रों में निहित संभावनाओं को सर्वोच्च आकार देने के लिए पूर्ण रूपेण समर्पित हैं।

हमारे छात्र खेल, सामाजिक सेवा, संस्कृति पर्यावरणीय स्वास्थ्य और पर्यावरणीय स्थिरता के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर चुके हैं। इस तरह आर्यभट्ट कॉलेज एक ऐसे शैक्षणिक संस्थान के रूप में उभरा है जिसमें छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाते हैं। कॉलेज अपनी गतिविधियों के जरिए छात्रों की क्षमताओं का दोहरा सुधार और मजबूती का हर संभव प्रयास करता है ताकि भविष्य के विविध आयामों और पहलुओं की बेहतर समझ विकसित हो।

# दृष्टिकोण

- छात्रों में अंतर्दृष्टि विकसित करना। उन्हें सक्षम और ज्ञानवान बनाकर उनके जीवन में बदलाव लाना।
- समावेशी और सौहार्दपूर्ण समाज निर्माण की मानसिकता तैयार करना।
- बेहतर कल के वास्तुकार बनने के लिए छात्रों को सक्षम बनाना।
- जिम्मेदार नागरिक बनाने में छात्रों की सहायता करना।
- ज्ञान प्रसार और समझ के माध्यम से छात्रों को आध्यात्मिक जागृति की ओर अग्रसर करना।

# उद्देश्य

समावेशी और निष्पक्ष शिक्षा के लिए अवसर सुनिश्चित करना -

- छात्रों में सक्षम बौद्धिक विकास, सर्जनात्मक और नेतृत्व कौशल क्षमता विकसित करने के लिए समावेशी और अनुकूल सांस्कृतिक परिवेश का सृजन करना |
- नवाचार शिक्षण पद्धति के द्वारा अंतर्विषयक अध्ययन को प्रोत्साहित करना, जिससे आलोचनात्मक चिंतन, अनुसंधान और औद्योगिक शिक्षा के साथ सहयोगी रवैया अपनाकर विश्व समुदाय के साथ साझेदारी की जा सके।
- आउटरीच प्रोग्राम के जरिए छात्रों को प्रकृति और समाज के प्रति जवाबदेह और संवेदनशील बनाना।

# कॉलेज परिसर में उपलब्ध सुविधाएँ

- मनोविज्ञान प्रयोगशाला
- हाईटेक परिसर
- सम्मेलन कक्ष
- छात्र उपयोगी केंद्र
- संकाय शोध केंद्र
- भाषा प्रयोगशाला
- कम्प्यूटर लैब
- शांति क्षेत्र
- सेमिनार कक्ष
- महिला कॉमन रूम
- छात्र गतिविधि केंद्र
- एनसीसी कक्ष
- एनएसएस कक्ष
- पुस्तकालय
- मेडिकल रूम
- अध्ययन कक्ष
- कैंटीन
- खेल और शारीरिक गतिविधि कक्ष
- बहुउद्देशीय हॉल
- एनसीवेब / एसओएल केंद्रीय मूल्यांकन केंद्र

# पाठ्यक्रमों की उपलब्धता

### ऑनर्स पाठ्यक्रम

- बी.कॉम (ऑनर्स)
- बी.ए. (ऑनर्स) व्यवसाय अर्थशास्त्र (बीबीई)
- बी.ए. (ऑनर्स) अर्थशास्त्र
- प्रबंधन शास्त्र (बीएमएस)
- बी.ए. (ऑनर्स) अंग्रेजी
- बी. ए. (ऑनर्स) हिंदी
- बी.ए. (ऑनर्स) इतिहास
- बी.ए. (ऑनर्स) राजनीति शास्त्र
- बी.ए. (ऑनर्स) मनोविज्ञान
- बी. एस. सी. (ऑनर्स) कंप्यूटर विज्ञान
- बी एस. सी. (ऑनर्स) गणित

### प्रोग्राम पाठ्यक्रम

- बी.ए. अर्थशास्त्र + गणित
- बी.ए. अंग्रेजी + मनोविज्ञान
- बी.ए. इतिहास + राजनीति शास्त्र
- बी.कॉम

## जीई पेपरों की सूची

| विभाग | सेमेस्टर 1 के लिए जीई पेपर का नाम |
|---|---|
| हिन्दी | हिन्दी सिनेमा और उसका अध्ययन |
| बीएमएस | भारत से प्रबंधन ज्ञान |
| मनोविज्ञान | मनोविज्ञान की नींव |
| राजनीति विज्ञान | भारतीय राजनीतिक विचार |
| कंप्यूटर विज्ञान | पायथन प्रोग्रामिंग |
| गणित | कैलकुलस के मूल सिद्धांत |
| अंग्रेज़ी | साहित्य और मानव अधिकार (ऑनर्स के लिए) |
| | साहित्य के माध्यम से अंग्रेजी भाषा- I (प्रोग्राम के लिए) |
| वाणिज्य-स्नातक (विज्ञ पाठ्यक्रम) | व्यापार संगठन |
| इतिहास | युगों-युगों से दिल्ली - इसके प्रारंभिक आधुनिक इतिहास का निर्माण |
| बीबीई | अर्थशास्त्र के सिद्धांत |
| अर्थशास्त्र | माइक्रोइकॉनॉमिक्स के सिद्धांत-I |

# प्रवेश समिति, सत्र 2023-24

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| डॉ. राजेश कुमार | | संयोजक | 9810028936 | rajeshkumar@aryabhattacollege.ac.in |
| डॉ. राजेश कुमार द्विवेदी | | सह-संयोजक | 9210475904 | rajesh@aryabhattacollege.ac.in |
| **क्र.सं.** | **पाठ्यक्रम** | **प्रवेश प्रभारी** | **मोबाइल नंबर** | **ईमेल** |
| 1 | कला-स्नातक (विज्ञ पाठ्यक्रम) व्यवसाय अर्थशास्त्र | श्री हरीश धवन | 9811667776 | harish@aryabhattacollege.ac.in |
| 2 | कला-स्नातक (विज्ञ पाठ्यक्रम) अर्थशास्त्र | डॉ. आस्था आहूजा | 9873284291 | asthaahuja@aryabhattacollege.ac.in |
| 3 | कला-स्नातक (विज्ञ पाठ्यक्रम) अंग्रेजी | डॉ. रोशनी | 9899451005 | roshni@aryabhattacollege.ac.in |
| 4 | कला-स्नातक (विज्ञ पाठ्यक्रम) हिंदी | डॉ. धीरेंद्र बहादुर सिंह | 9582580180 | singhdhirendra@aryabhattacollege.ac.in |
| 5 | कला-स्नातक (विज्ञ पाठ्यक्रम) इतिहास | डॉ. पवन कुमार | 9416110394 | pawan@aryabhattacollege.ac.in |
| 6 | कला-स्नातक (विज्ञ पाठ्यक्रम) राजनीति शास्त्र | डॉ. राजेंद्र दयाल | 9873722550 | rajendradayal@aryabhattacollege.ac.in |
| 7 | कला-स्नातक (विज्ञ पाठ्यक्रम) मनोविज्ञान | डॉ. हैली सिंह थोकचोम | 7011416122 | dr.halley@aryabhattacollege.ac.in |
| 8 | विज्ञान-स्नातक(विज्ञ पाठ्यक्रम)कंप्यूटर विज्ञान | डॉ. सोनल लिंडा | 7838474460 | lindasonal@aryabhattacollege.ac.in |
| 9 | विज्ञान-स्नातक (विज्ञ पाठ्यक्रम) गणित | प्रो. नरेंद्र कुमार | 9891200143 | nkbudhraja@aryabhattacollege.ac.in |
| 10 | वाणिज्य-स्नातक (विज्ञ पाठ्यक्रम) | डॉ. मोनिका अग्रवाल | 9650780781 | monica@aryabhattacollege.ac.in |
| 11 | वाणिज्य-स्नातक | डॉ. विनय कुमार | 7982007352 | dr.vinaydse24@aryabhattacollege.ac.in |
| 12 | प्रबंधन अध्ययन स्नातक (बीएमएस) | प्रो. जे.के. सिंह | 9811326519 | jitendra@aryabhattacollege.ac.in |
| 13 | एससी/एसटी काउंसलिंग | सुश्री आकांक्षा सिंह | 9871181508 | aakankshasingh@aryabhattacollege.ac.in |
| 14 | ओबीसी काउंसलिंग | डॉ. चंद्रशेखर निषाद | 9717828951 | csnishad@aryabhattacollege.ac.in |
| 15 | ईडब्ल्यूएस काउंसलिंग | डॉ. धीरेंद्र बहादुर सिंह | 9582580180 | singhdhirendra@aryabhattacollege.ac.in |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 16 | पीडब्ल्यूबीडी काउंसलिंग | डॉ. राजीव कुमार रंजन | 9818675342 | rajiv@aryabhattacollege.ac.in |
| 17 | नॉर्थ ईस्ट काउंसलिंग | डॉ एन. एम. सिंह | 9810829480 | nmanichandras@aryabhattacollege.ac.in |
| 18 | विदेशी छात्र सलाहकार | डॉ. कार्तिकेय कोहली | 9871058734 | kartikeya@aryabhattacollege.ac.in@aryabhattacollege.ac.in |
| 19 | खेल प्रवेश समिति | श्री आनंद सौरभ | 9650396105 | anandsaurabh@aryabhattacollege.ac.in |
| 20 | ईसीए प्रवेश समिति | डॉ आस्था आहूजा | 9873284291 | asthaahuja@aryabhattacollege.ac.in |
| 21 | नोडल अधिकारी (पीएमएसएसएस) | डॉ. मोनिका अग्रवाल | 9650780781 | monica@aryabhattacollege.ac.in |
| 22 | कला-स्नातक (प्रोग्राम) | डॉ.राजेश कुमार द्विवेदी | 9210475904 | rajesh@aryabhattacollege.ac.in |
| क | कला-स्नातक (प्रोग्राम) अर्थशास्त्र + गणित | डॉ एन. एम. सिंह | 9810829480 | nmanichandras@aryabhattacollege.ac.in |
| ख | कला-स्नातक (प्रोग्राम) मनोविज्ञान + अंग्रेजी | डॉ. सुनील गुप्ता | 8800277211 | drsunilgupta@aryabhattacollege.ac.in |
| ग | कला-स्नातक (प्रोग्राम) इतिहास + राजनीति विज्ञान | डॉ. संगीता कुमारी | 9312364028 | sangeeta@aryabhattacollege.ac.in |

# हेल्प डेस्क समिति, सत्र 2023-24

| क्र.सं. | नाम | मोबाइल नंबर | ईमेल |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री बिनॉय भूषण अग्रवाल (संयोजक) | 9990268718 | binoybhushan@aryabhattacollege.ac.in |
| 2 | श्री हरीश धवन | 9811667776 | harish@aryabhattacollege.ac.in |
| 3 | डॉ. एन. एम. सिंह | 9810829480 | nmanichandras@aryabhattacollege.ac.in |
| 4 | डॉ. प्रोमिला | 9891241615 | promila@aryabhattacollege.ac.in |
| 5 | डॉ. रीना रागी | 9650160001 | reenaragi@aryabhattacollege.ac.in |
| 6 | श्री आनंद सौरभ | 9650396105 | anandsaurabh@aryabhattacollege.ac.in |
| 7 | डॉ. प्रीति जगवानी | 9899016178 | priti@aryabhattacollege.ac.in |
| 8 | डॉ. चंद्रशेखर निषाद | 9717828951 | csnishad@aryabhattacollege.ac.in |
| 9 | डॉ. जे. के. सिंह | 9811326519 | jitendra@aryabhattacollege.ac.in |
| 10 | डॉ. विनय कुमार | 7982007352 | dr.vinaydse24@aryabhattacollege.ac.in |
| 11 | डॉ. वर्षा सिंह | 9968974202 | varsha@aryabhattacollege.ac.in |
| 12 | डॉ. कृष्ण मुरारी | 9868329204 | murari@aryabhattacollege.ac.in |

# प्रवेश शिकायत प्रकोष्ठ, सत्र 2023-24

| क्र.सं. | नाम और पदनाम | मोबाइल नंबर | ईमेल |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. आर.के. द्विवेदी (संयोजक)<br>सह-प्राध्यापक | 9210475904 | rajesh@aryabhattacollege.ac.in |
| 2 | डॉ. नीतू जय सिंघानी<br>सहायक प्राध्यापक | 9811228487 | neetujaisinghani@aryabhattacollege.ac.in |
| 3 | डॉ. राजेंद्र दयाल<br>सह-प्राध्यापक | 9873722550 | rajendradayal@aryabhattacollege.ac.in |
| 4 | डॉ. एन. एम. सिंह<br>सहायक प्राध्यापक | 9810829480 | nmanichandras@aryabhattacollege.ac.in |
| 5 | डॉ. नवीन कुमार जैन<br>सहायक प्राध्यापक | 9968113814 | naveenjain@aryabhattacollege.ac.in |
| 6 | डॉ. बीरेंद्र कुमार<br>सहायक प्राध्यापक | 9971746054 | birendra@aryabhattacollege.ac.in |
| 7 | डॉ. राजीव कुमार रंजन<br>सहायक प्राध्यापक | 9818675342 | rajiv@aryabhattacollege.ac.in |
| 8 | डॉ. धीरेंद्र बहादुर सिंह<br>सहायक प्राध्यापक | 9582580180 | singhdhirendra@aryabhattacollege.ac.in |
| 9 | सुश्री आकांक्षा सिंह<br>सहायक प्राध्यापक | 9871181508 | aakankshasingh@aryabhattacollege.ac.in |
| 10 | सुश्री थांगबियाकचिंग<br>सहायक प्राध्यापक | 8826519499 | thangbiakching@aryabhattacollege.ac.in |
| 11 | सुश्री अंजू अग्रवाल<br>प्रशासनिक अधिकारी | 9818762760 | anjuaggarwal@aryabhattacollege.ac.in |

# यूजी प्रोग्राम/पाठ्यक्रम मे पंजीकरण और प्रवेश

**सामान्य निर्देश**

1. दिल्ली विश्वविद्यालय के स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए छात्रों को CUET 2023 के https:// cuets.samarth.ac in / पर पंजीकरण कराना होगा। इस संबंध में दिल्ली विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.du.ac.in पर जाएँ।

2. यूजीसीएफ 2022 संरचना और पाठ्यक्रम के लिए - www.ugc.gov.in या www.du.ac.in पर जाएँ।

3. अकादमिक सत्र 2023-24 में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सूचना हेतु लिंक - - https://www.admission.uod.ac.in/?UG-Admissions portal

**सामान्य दिशा -निर्देश**

- आवदेक अनिवार्य रूप से भारत का नागरिक हो ।
- आवेदक ने भारत के किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड विश्वविद्यालय से बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की हो या भारतीय विश्वविद्यालयों के संघ (AIU) द्वारा 10+2 प्रणाली के समकक्ष मान्यता प्राप्त किसी भी विदेशी शिक्षण संस्थान से परीक्षा उत्तीर्ण की हो।
- विदेशी छात्र श्रेणी के तहत प्रवेश पाने के इच्छुक आवेदकों को, विदेशी छात्र रजिस्ट्री वेबसाइट http://fsr.du.ac.in के माध्यम से अलग से आवेदन करना होगा।

अधिक जानकारी के लिए महत्वपूर्ण लिंक https://www.admission uod ac.in/?UG - Admissions portal पर जाएँ।

# शुल्क और जुर्माना

- छात्र के कॉलेज छोड़ने की तारीख से तीन वर्ष के भीतर प्रतिभूतियां वापस कर दी जाती है।
- विदेशी छात्रों से यूएस 18000/- रुपये के बराबर प्रतिवर्ष विशेष शुल्क लिया जाता है।
- कॉलेज के देय शुल्क का भुगतान ऑनलाइन किया जाएगा कैश/ चेक/ पे औौर्डर / ड्राफ्ट आदि स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
- यदि कोई छात्र अधिसूचित देय तिथि के एक महीने के भीतर अपनी देय शुल्क भुगतान करने में विफल रहता है तो उसका नाम कॉलेज के रोल से काट दिया जाएगा। जुर्माना या देर से भुगतान शुल्क कॉलेज द्वारा निर्धारित समय में तय किया जाएगा |
- पुस्तकालय की किताबों पर जुर्माना : सामान्य 2/- रुपये प्रतिदिन
- सभी छात्रों से पूर्व छात्रसंघ की सदस्यता शुल्क 300/- रुपये लिया जाएगा।
- पहचान पत्र खो जाने पर 300/- रुपये जुर्माना लगाया जाएगा।

# पूरक पाठयक्रम (ऐडऑन कोर्स), सत्र 2023-24

| वित्त पाठ्यक्रम | भाषा पाठ्यक्रम | मानसिक स्वास्थ्य पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| अग्रिम वित्तीय मॉडलिंग कार्यक्रम (100 घंटे) | कामकाजी अंग्रेजी – ब्रिटिश काउंसिल (3 महीने) | स्वकल्याण का ध्यान (30 घंटे) |
| व्यवसाय विश्लेषिकी (100 घंटे) | प्रारंभिक फ्रेंच भाषा पाठ्यक्रम - आलियाँस फ्राँसैज़ (108 घंटे) | |
| संपत्ति प्रबंधन (100 घंटे) * | स्पेनिश भाषा मिश्रित शिक्षण कार्यक्रम ए 1.1 स्तर- इंस्टीट्यूटो सर्वेंट्स (60 घंटे) | |
| | स्पैनिश भाषा सामान्य पाठ्यक्रम- इंस्टीट्यूटो सर्वेंट्स (60 घंटे) | |
| नोट: छात्रों के चयन के आधार पर उपर्युक्त भावी पाठयक्रम आरम्भ किये जायेंगे । | | |

**कौशल वृद्धि और एप्लाइड लर्निंग सेल (ऐड-औन कोर्स सेल)**

**डा० सुरजीत देब**
**(अर्थशास्त्र विभाग)**
**9811256265**
**addon.aryabhatta@gmail.com**

# आंतरिक मूल्यांकन के लिए विश्वविद्यालय अधिसूचना

(अध्यादेश आठ के अतिरिक्त)
[ईसी संकल्प संख्या 60-1/(60-1-13) दिनांक 3/02/2023]

**अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रम फ्रेमवर्क - 2022 पर आधारित पाठ्यक्रमों की मूल्यांकन पद्धति शैक्षणिक वर्ष 2022-2023 से लागू की जाएगी।**

1.यूजीसीएफ 2022 के तहत सक्षम अधिकारियों द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रमों के मूल्यांकन के उद्देश्य से अपनायी जाने वाली मूल्यांकन पद्धति निम्नानुसार होगी:

क) किसी भी पाठ्यक्रम में जहां 'ट्यूटोरियल' 01 क्रेडिट का हो, एक उद्देश्य मूल्यांकन प्रक्रिया को एक पाठ्यक्रम में एक छात्र द्वारा अर्जित क्रेडिट के रूप में विकसित किया जाना चाहिए, जो अंततः ऐसे छात्र के अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में इसके जमाव का कारण बनेगा। इसलिए, यह जरूरी है कि एक छात्र द्वारा अर्जित प्रत्येक क्रेडिट का पर्याप्त रूप से मूल्यांकन किया जाए और तदनुसार दर्ज किया जाए।

ख) उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, ट्यूटोरियल के घटकों को सूचीबद्ध किया गया है ताकि इस उद्देश्य के लिए तैयार किए गए नियमों के अनुसार, शिक्षक के परामर्श से इनमें से कम से कम कुछ गतिविधियों (नीचे बिंदु संख्या 3 पर सूचीबद्ध) को एक छात्र द्वारा चयन किया जा सके। संचालित गतिविधियों का मूल्यांकन निरंतर मूल्यांकन के माध्यम से किया जाएगा।

(i) ट्यूटोरियल के घटक के रूप में की जाने वाली कुछ गतिविधियाँ इस प्रकार हैं:

- साहित्य की समीक्षा
- पुस्तक की समीक्षा
- फिल्म समीक्षा
- परियोजना गतिविधि (समूह)
- अनुसंधान सह प्रस्तुति
- रचनात्मक लेखन / पेपर लेखन
- समूह चर्चा
- समस्या समाधान अभ्यास
- कोई भी रचनात्मक उत्पादन (एक समूह में किया जा सकता है)
- अभिनव परियोजना
- विषय की वैचारिक समझ के अनुप्रयोग से संबंधित कोई अन्य शैक्षिक कार्य ।

(ii) इसके अलावा, ट्यूटोरियल के निरंतर मूल्यांकन के लिए आवंटित चालीस अंकों में से, पांच अंक उपस्थिति के लिए होंगे, जिन्हें निम्नानुसार वितरित किया जाएगा:

क) 67% से अधिक उपस्थिति लेकिन 70% से कम उपस्थिति – 1 अंक
ख) 70% से अधिक उपस्थिति लेकिन 75% से कम उपस्थिति – 2 अंक
ग) 75% से अधिक उपस्थिति लेकिन 80% से कम उपस्थिति – 3 अंक
घ) 80% से अधिक उपस्थिति लेकिन 85% से कम उपस्थिति – 4 अंक
ङ) 85% से अधिक उपस्थिति – 5 अंक

प्रैक्टिकल के लिए निरंतर मूल्यांकन में उपस्थिति के लिए अंक नहीं होंगे।

2. (i) आंतरिक मूल्यांकन (आईए) में कक्षा परीक्षाओं, असाइनमेंट/प्रस्तुतियों और उपस्थिति में प्राप्त अंक शामिल होंगे। उदाहरण के लिए, 25 अंकों के आंतरिक मूल्यांकन के लिए, कक्षा परीक्षणों में 10 अंक, असाइनमेंट / प्रस्तुतियों में 10 अंक और उपस्थिति 5 अंकों के लिए होगी। इसी तरह, 30 अंकों के आईए के लिए, उपस्थिति के लिए 6 अंक, कक्षा परीक्षा के लिए 12 अंक और असाइनमेंट/प्रस्तुतियाँ के लिए 12 अंक होंगे।

(ii) उपस्थिति के लिए 6 अंक निम्नानुसार वितरित किए जाएंगे:

क) 67% से अधिक उपस्थिति लेकिन 70% से कम उपस्थिति – 1.2 अंक
ख) 70% से अधिक उपस्थिति लेकिन 75% से कम उपस्थिति – 2.4 अंक
ग) 75% से अधिक उपस्थिति लेकिन 80% से कम उपस्थिति – 3.6 अंक
घ) 80% से अधिक उपस्थिति लेकिन 85% से कम उपस्थिति – 4.8 अंक
ङ) 85% से अधिक उपस्थिति – 6.0 अंक

3. (i) आंतरिक मूल्यांकन और सतत् मूल्यांकन को निष्पक्ष और तर्कसंगत बनाने के लिए विश्वविद्यालय के अध्यादेशों के अध्यादेश VIII-E के खंड 5(ii) के अनुसार गठित प्रत्येक कॉलेज में आंतरिक मूल्यांकन के लिए निगरानी समिति को सुदृढ़ करना आवश्यक है। यह समिति कॉलेज में आंतरिक मूल्यांकन की पूरी प्रक्रिया के लिए जिम्मेदार होगी, जिसमें शिकायतों का निवारण, यदि कोई हो, शामिल है। यही समिति निरंतर मूल्यांकन और शिकायतों, यदि कोई हो, के निवारण की प्रक्रिया की भी जांच करेगी।

(ii) एक छात्र जो आंतरिक मूल्यांकन/सतत मूल्यांकन से संबंधित, उसके द्वारा प्रस्तुत शिकायत के संबंध में कॉलेज की आंतरिक मूल्यांकन के लिए निगरानी समिति द्वारा लिए गए निर्णय से असंतुष्ट है, वह कॉलेज के प्रिंसिपल, शिक्षक-प्रभारी से युक्त अपीलीय निकाय के समक्ष अपील दायर कर सकता है। विभाग/वरिष्ठ संकाय सदस्य, संबंधित शिक्षक जिसने पीड़ित छात्र का मूल्यांकन किया है और उसकी अध्यक्षता कॉलेजों के डीन या निदेशक दक्षिण दिल्ली परिसर के नामित व्यक्ति द्वारा की जाएगी, जिसके अधिकार क्षेत्र में संबंधित कॉलेज आता है।

4. सिद्धांत परीक्षा और आंतरिक मूल्यांकन सिद्धांत के साथ-साथ ट्यूटोरियल कक्षाओं में किए गए शिक्षण-अधिगम का संचयी मूल्यांकन होगा।

5. विभिन्न क्रेडिट वितरण के पाठ्यक्रमों के लिए मूल्यांकन पैटर्न तालिका -1 में प्रदान किया गया है।

6. कुल चार क्रेडिट के पाठ्यक्रमों के लिए व्यावहारिक अंकों में निम्नलिखित शामिल होंगे:

- निरंतर मूल्यांकन (25%),
- अंतिम अवधि की प्रैक्टिकल परीक्षा (50%) और
- मौखिक परीक्षा (25%)

कुल दो क्रेडिट के पाठ्यक्रमों के लिए व्यावहारिक अंकों में निम्नलिखित शामिल होंगे:

- निरंतर मूल्यांकन (50%),
- अंतिम अवधि की व्यावहारिक / लिखित परीक्षा (25%) और
- मौखिक परीक्षा (25%)

7. एलटीपी संरचना के विभिन्न संयोजनों में कुल अंकों के अंतर को "भारित औसत" की मदद से संरेखित किया जाएगा, जिसकी गणना अंकों को ग्रेड में बदलने के लिए उचित रूप से तैयार किए गए सूत्र के माध्यम से की जाएगी।

8. सतत मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए उपस्थिति की आवश्यकता विश्वविद्यालय के अध्यादेशों के अध्यादेश VII के अनुसार होगी ।

9. छात्रों को अपने ग्रेड में सुधार करने में सक्षम बनाने के लिए, निम्नलिखित को अपनाया जा सकता है:

| पाठ्यक्रम/पेपर में प्राप्त ग्रेड | सिद्धांत में प्राप्त ग्रेड | प्रैक्टिकल/ ट्यूटोरियल में प्राप्त | पुनः-पंजीकृत | ग्रेड में सुधार के लिए कार्रवाई का तरीका |
|---|---|---|---|---|
| F | संतुष्ट नहीं * | संतुष्ट | नहीं | आवश्यक पुनरावृत्ति के लिए उस पाठ्यक्रम/ पेपर की अंतिम अवधि सिद्धांत परीक्षा में |
| F से अधिक | संतुष्ट नहीं * | संतुष्ट | नहीं | उस पाठ्यक्रम/पेपर की अंतिम अवधि की थ्योरी परीक्षा में उपस्थित होना सुधार |
| F से अधिक | संतुष्ट नहीं (आईए अंक संतुष्ट) | संतुष्ट | नहीं | उस पाठ्यक्रम/पेपर की अंतिम अवधि की थ्योरी परीक्षा में उपस्थित होना सुधार |
| F से अधिक | आईए सहित संतुष्ट नहीं | संतुष्ट | हाँ | पाठ्यक्रम में भाग लेने और सुधार के लिए आईए और अंतिम अवधि सिद्धांत परीक्षा के लिए उपस्थित होने के लिए |
| F से अधिक | संतुष्ट | संतुष्ट नहीं * | हाँ | पाठ्यक्रम में भाग लेने और सुधार के लिए अपने सीए और आईए के साथ सिद्धांत और व्यावहारिक परीक्षाओं दोनों में उपस्थित होना। |
| F | संतुष्ट | संतुष्ट नहीं * | हाँ | पाठ्यक्रम में भाग लेने और आवश्यक पुनरावृत्ति के लिए उनके सीए और आईए के साथ सिद्धांत और व्यावहारिक परीक्षाओं दोनों में उपस्थित होने के लिए। |
| F | संतुष्ट नहीं * | संतुष्ट नहीं * | हाँ | पाठ्यक्रम में भाग लें और आवश्यक पुनरावृत्ति के लिए अपने सीए और आईए के साथ सिद्धांत और व्यावहारिक दोनों परीक्षाओं में उपस्थित |

*संतुष्ट न होना थ्योरी/प्रैक्टिकल के लिए निर्धारित उत्तीर्ण अंकों से नीचे ग्रेड को इंगित करता है.

10. 2022-2023 से स्नातक होने वाले छात्रों के लिए अंकों के अंतिम प्रतिशत (%) की गणना ग्रैंड सीजीपीए (संचयी ग्रेड पॉइंट औसत) के रूप में की जाएगी, जिसे 10 के कारक से गुणा किया जाएगा।

# तालिका-1

| कुल क्रेडिट | L | T | P | अंतिम अवधि की सिद्धांत परीक्षा के अंक | आंतरिक मूल्यांकन (आईए) अंक | सिद्धांत परीक्षा व (आईए) अंक का कुल योग | सिद्धांत परीक्षा की अवधि | ट्यूटोरियल | प्रैक्टिकल अंक | | | | | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | निरंतर मूल्यांकन | निरंतर मूल्यांकन | अंतिम अवधि व्यावहारिक / लिखित परीक्षा | मौखिक परीक्षा | कुल | | |
| 4 | 3 | 1 | 0 | 90 | 30 | 120 | 3 घंटे | 40 | 0 | 0 | 0 | 0 | | 160 |
| 4 | 3 | 0 | 1 | 90 | 30 | 120 | 3 घंटे | 0 | 10 | 20 | 10 | 40 | | 160 |
| 4 | 0 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | लागू नहीं | 0 | 40 | 80 # | 40 | 160 | | 160 |
| 4 | 1 | 0 | 3 | 30 | 10 | 40 | 1 घंटा | 0 | 30 | 60 | 30 | 120 | | 160 |
| 4 | 2 | 0 | 2 | 60 | 20 | 80 | 2 घंटे | 0 | 20 | 40 | 20 | 80 | | 160 |
| 2 | 1 | 0 | 1 | 30 | 10 | 40 | 1 घंटा | 0 | 10 | 20** | 10 | 40 | | 80 |
| 2 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | लागू नहीं | 0 | 20 | 40** | 20 | 80 | | 80 |
| 2 | 2 | 0 | 0 | 60 | 20 | 80 | 2 घंटे | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | 80 |

**#किसी भी 4 क्रेडिट** कोर्स के लिए कोई अंतिम अवधि की प्रैक्टिकल परीक्षा नहीं है **, जिसमें केवल प्रैक्टिकल घटक है, तो यह अंक प्रैक्टिकल के निरंतर मूल्यांकन में जोड़ा जाएगा और प्रैक्टिकल के लिए सीए का कुल योग 120 होगा।**

**** दो क्रेडिट के पाठ्यक्रमों के मामले में जिनमें व्यावहारिक घटक हैं, या तो अंतिम अवधि की व्यावहारिक परीक्षा या अंतिम अवधि की लिखित परीक्षा होगी।**

**सीए** - निरंतर मूल्यांकन
**आईए** - आंतरिक मूल्यांकन

# उपस्थिति के नियम

1. कॉलेज के छात्रों की व्याख्यान / ट्यूटोरियल / प्रीसेप्टोरियल / और प्रैक्टिकल में उपस्थिति का मामला दिल्ली विश्वविद्यालय के कैलेण्डर के नियमानुसार होंगें।अगर कोई छात्र कुल आयोजित व्याख्यान ट्यूटोरियल / प्रीसेप्टोरियल / और प्रैक्टिकल कक्षाओं के दो तिहाई कक्षाओं में शामिल नहीं हुआ है तो उसे विश्वविद्यालय की परीक्षा में शामिल होने के योग्य नहीं माना जाएगा। छात्रों के माता-पिता/अभिभावकों से अनुरोध है कि वे अपने बच्चों की कक्षा में अपेक्षित उपस्थिति सुनिश्चित करें ताकि सत्र के अंत में आयोजित विश्वविद्यालय की परीक्षा में होने वाले व्यवधान से बचा जा सके। प्रथम एवं द्वितीय सत्र के अंत में कॉलेज द्वारा कम उपस्थिति वाले छात्रों की सूची प्रदर्शित की जाएगी। साथ ही ऐसे छात्रों के माता-पिता एवं अभिभावकों को उनके बच्चों की अनुपस्थिति का ब्योरा देते हुए चेतावनी पत्र भेजा जाएगा।

2. बीमारी के लिए दिए गए आवेदन के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मेडिकल–सर्टिफिकेट का होना आवश्यक है, जोकि कक्षा पुनः आरम्भ करने के सात दिनों के भीतर कार्यालय में जमा कराना होगा। स्वास्थ्य के आधार पर उपस्थिति में छूट लेने की स्थिति में इस प्रक्रिया का पालन कड़ाई से किया जाएगा।

3. छात्र अपनी मासिक उपस्थिति कॉलेज वेबसाईट **www.aryabhattacollege.ac.in** पर देख सकते हैं।

# अनुशासन के नियम

1. महाविद्यालय में नामांकन लेने वाले हर एक छात्र से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अध्ययन के दौरान कैम्पस के भीतर और बाहर अनुशासन का पालन करेंगे और सभ्य आचारण बनाए रखें। अनुशासनहीनता की स्थिति में नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत चेतावनी, जुर्माना और कॉलेज से निलंबन किया जा सकता है । (देखें, दिल्ली विश्वविद्यालय का अधिनियम XV (B) और XV (C)

2. अगर छात्र नागरिक की गरिमा का उल्लंघन करते हुए किसी भी प्रकार के आपराधिक गतिविधियों में शामिल पाए जाते हैं या फिर कॉलेज के कर्मचारी, अध्यापकों के साथ अमर्यादित व्यवहार और भाषा का प्रयोग करते हैं तो प्राचार्य द्वारा उनपर कक्षा में प्रवेश से वर्जित किए जाने और महाविद्यालय निष्कासन के कदम उठाए जाएंगे।

3. महाविद्यालय में छात्रों का प्रवेश उनके परिचय-पत्र के आधार पर होगा। अपने साथ किसी बाहरी व्यक्ति को जो अनुशासन के लिए समस्या पैदा करता है, उसे तुरंत पुलिस के हवाले कर दिया जाएगा और संबंधित छात्रों पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

4. छात्र कक्षा में पूरी तरह अनुशासित रहें और कॉरीडोर में अनावश्यक इधर-उधर न भटकें। कॉलेज का कैम्पस पूर्णतः धूम्रपान वर्जित क्षेत्र है। कक्षा के भीतर और बाहर मोबाइल का प्रयोग पूर्णतः वर्जित है। ऐसा करने पर मोबाइल जब्त करने के साथ-साथ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

5. महाविद्यालय हम सबकी सम्पत्ति है इसे स्वच्छ और साफ रखना छात्रों का भी दायित्व है। छात्र महा-विद्यालय की सम्पत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाएं। दीवारों को गंदा ना करें। फर्नीचर और अन्य सामान को नुकसान ना पहुचाएं। लॉन एवं पेड़-पौधों को नुकसान ना पहुचाएं। ऐसा करने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कारवाही की जाएगी।

6. प्राचार्य की अनुमति के बिना छात्र किसी प्रकार की समिति का गठन नहीं कर सकते। प्राचार्य की अनुमति के बिना किसी बाहरी व्यक्ति को वक्ता के रूप में नहीं बुलाया जा सकता।

7. छात्रों के लिए कॉलेज के पार्किंग जोन सहित कहीं भी कार पार्किंग वर्जित है। छात्र सिर्फ अपने स्कूटर और बाइक की पार्किंग कर सकते हैं।

# विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के बीच अनुशासन की देखभाल

1. अनुशासन और अनुशासनात्मक कार्यवाही संबंधी सभी शक्तियाँ कुलपति के पास हैं।

2. कुलपति विश्वविद्यालय परिसर में अनुशासन कायम रखने के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त कर सकते हैं या प्रोक्टर या अन्य अधिकारी को संदर्भित शक्ति प्रदान कर सकते हैं।

3. अधिनियम के तहत अनुशासन लागू करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है।

   निम्नलिखित गतिविधियाँ अनुशासनात्मक कार्रवाई के आधीन मानी जाएगी:

   (क) दिल्ली विश्वविद्यालय के किसी शैक्षिक या गैर-शैक्षिक व्यक्ति या विभाग के कर्मचारी या किसी छात्र के ऊपर शारीरिक हमला या शारीरिक बल प्रयोग करने की धमकी देना ।
   (ख) किसी हथियार को साथ में रखना या प्रयोग करना या उसे दिखाकर धमकी देना ।
   (ग) अनूसूचित जाति और जनजाति के विद्यार्थियों के मान, सम्मान और प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना ।
   (घ) किसी महिला के लिए मौखिक या शारीरिक रूप से अपमानजनक व्यवहार या शब्दों का प्रयोग करना, चाहे वह मजाक ही क्यों ना हो।
   (ड़) किसी भी प्रकार से घूस देना या भ्रष्टाचार में लिप्त होना ।
   (च) कालेज, विभाग या संस्था की संपति को जान बूझकर नुकसान पहुंचाना।
   (छ) किसी भी प्रकार के दुर्भावना से ग्रसित होना। या धार्मिक और साम्प्रदायिक आधार पर असहिष्णुता उत्पन्न करना।
   (ज) किसी भी कारण से अकादमिक कामकाज में व्यवधान उत्पन्न करना।
   (झ) विश्वविद्यालय के अधिनियम **XV-C** के अनुसार रैगिंग पूर्णतः निषिद्ध और दंडनीय है।

4. कुलपति विश्वविद्यालय परिसर में अनुशासन बनाए रखने के लिए बिना पक्षपात के किसी भी छात्र और छात्राओं के प्रति उचित कार्रवाई का आदेश दे सकते है। इस सन्दर्भ में निम्न कार्रवाई की जा सकती है:

   (क) संबंधित छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय से सदा के लिए निष्कासित किया जा सकता है। या
   (ख) संबंधित छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय से एक निश्चित अवधि के लिए निष्कासित किया जा सकता है। या
   (ग) एक निश्चित अवधि के लिए कालेज, विभाग या विश्वविद्यालय के अन्य संस्थानों में नामांकन लेने पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। या
   (घ) आर्थिक दंड भरने का निर्देश दिया जा सकता है। या
   (ङ) विश्वविद्यालय की परीक्षा में शामिल होने से एक या उससे अधिक सत्रों के लिए वंचित किया सकता है। या

(च) ऐसे छात्र/छात्रा अगर किसी परीक्षा में शामिल हो चुके हैं तो उन परीक्षा/परीक्षाओं को निरस्त किया जा सकता है।

5. कालेज के प्राचार्य, संस्था के प्रमुख, विश्वविद्यालय के शैक्षिक विभागों के प्रमुख, पुस्तकालय अध्यक्ष आदि के पास अनुशासनात्मक कार्रवाई के अधिकार और शक्ति होंगे। वे कॉलेज, विभाग और अकादमिक परिसर में अनुशासनिक माहौल सुनिश्चित करेंगे तथा उसे बनाए रखने के लिए प्राधिकारी, प्रतिनिधि या समिति नियुक्त करेंगें।

6. कुलपति और प्रॉक्टर बिना किसी पक्षपात या दुर्भावना के उपरोक्त अनुशासन संबंधी नियमो को अनुप्रयोग में लाएंगे, इसके लिए उचित ढाँचे का निर्माण, प्रबंधन और नेतृत्व करेगें।

7. ये नियम पूरक हो सकते हैं, जहां आवश्यक हो कॉलेज के प्राचार्य, संकाय के डीन, शैक्षिक विभागों के प्रमुख इसे अनुप्रयोग मे ला सकते है। प्रत्येक छात्र से यह अपेक्षा की जाती है कि इस नियम की एक प्रति वे अपने पास रखेंगे।

8. नामांकन के समय सभी छात्रों/छात्राओं को इस आशय का घोषणा–पत्र स्वयं हस्ताक्षरित कर देना होगा की अनुशासनहीनता की स्थिति में मेरे/स्वयं के ऊपर विश्वविद्यालय के अधिनियम के अनुसार कार्रवाई की जा सकती है।

9. मोबाइल फोन का उपयोग कक्षा / पुस्तकालय / गलियारों / प्रयोगशालाओं में पूरी तरह से निषिद्ध है। किसी भी छात्र द्वारा इस नियम का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्यवाई और जुर्माना लगाया जाएगा।

# रैगिंग निषेध और सजा

रैगिंग के खतरे को कम करने के लिए, सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए सजा तय की है। यदि किसी भी प्रयोगशाला में या संस्थान के किसी भी हिस्से में या दिल्ली विश्वविद्यालय प्रणाली के किसी भी हिस्से में या सार्वजनिक परिवहन में नए छात्रों को पुराने छात्रों या किसी अन्य छात्र द्वारा शारीरिक या मानसिक रूप से परेशान किया जाता है, तो ऐसे छात्रों के खिलाफ पुलिस (FIR पंजीकरण के माध्यम से) मुकदमा दर्ज किया जाएगा, कॉलेज से निष्कासित किया जाएगा और उन्हें भविष्य के प्रवेश पर निषेध लगाया जाएगा।

1. किसी भी रूप में रैगिंग को कॉलेज/विभाग या संस्थान के सीमाओं के अंदर और दिल्ली विश्वविद्यालय प्रणाली के किसी भी हिस्से में और सार्वजनिक परिवहन में सख्ती से प्रतिबंधित है।

2. रैगिंग का कोई भी व्यक्तिगत या समूहिक बरताव अत्यधिक अनुशासन की उल्लंघना मानी जाती है और इस विधानानुसार इसके तहत निपटाया जाएगा।

